EMAIL

म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्र./प्रांगण/प्रॉपर्टी मैनेजमेंट/साफटवेयर/पार्ट-1/102/615 भोपाल, दिनांक 11/09/2024

प्रति,

संयुक्त उप/संचालक,
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
ऑचलिक कार्यालय......................(समस्त)

विषय:- प्रॉपर्टी मैनेजमेंट पोर्टल पर प्रविष्टियों को अद्यतन करने के संबंध में।

संदर्भ:- कार्यालयीन पत्र क्र./प्रांगण/प्रॉपर्टी मैनेजमेंट/साफटवेयर/पार्ट-1/102/466 दिनांक 22/07/2024

आपको विदित है कि मंडी बोर्ड/मंडी समितियों की परिसंपत्तियों के सुव्यवस्थित रिकार्ड एवं रखरखाव के उददेश्य से प्रॉपर्टी मैनेजमेंट पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल पर समय-समय पर संरचनाओं की प्रविष्टि भी मंडी समितियों द्वारा की गयी है, संदर्भित पत्र के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा आपके संभाग अंर्तगत मंडी समितियों में प्रॉपर्टी मैनेजमेंट पोर्टल पर संरचनाओं की प्रविष्टि को अद्यतन करने के निर्देश जारी किये गये थे। समीक्षा के दौरान उपरोक्त कार्य में प्रगति का नितांत अभाव प्रदर्शित हो रहा है तथा वर्तमान में भी वृहद संरचनाओं की पोर्टल पर प्रविष्टि शेष है।

अत: निम्न कार्यवाही की अपेक्षा है:-

1- प्रॉपर्टी मैनेजमेंट पोर्टल पर आपके अंचल की मंडी समितियों की सतत् समीक्षा की जाये।

2- मंडी समितियों की परिसंपत्तियों की जानकारी तथा पोर्टल पर प्रविष्टि की जानकारी निम्न प्रारूप में प्रेषित की जाये-

प्ररूप

क्र.	संभाग का नाम	मंडी का नाम	मूल मंडी प्रांगण/ अतिरिक्त प्रांगण/ उपमंडी का नाम (पृथक-पृथक जानकारी देवें)	परिसंपत्तियों का विवरण		पोर्टल पर प्रविष्टि विवरण	
				संरचना का प्रकार (गोदाम/शेन्ड्रीशॉप केंटीन/अन्य) (पृथक-पृथक जानकारी देवें)	संख्या	विवरण दर्ज संख्या	दर्ज हेतु शेष संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8

टीप- मंडी प्रांगण/अतिरिक्त प्रांगण एवं उपमण्डी प्रांगणों तथा उनमें निर्मित समस्त संरचनाओं का पृथक-पृथक विवरण दर्ज किया जाये।

3- विषय को सचिव मासिक समीक्षा बैठक के एजेण्डा में सम्मिलित किया जाये तथा प्रगति प्रतिवेदन मासिक रूप से मुख्यालय को 5 तारीख तक उपलब्ध कराया जाये।

4- पोर्टल पर समस्त परिसंपत्तियों की प्रविष्टि की कार्यवाही 31/10/2024 के पूर्व पूर्ण की जाये।

उपरोक्त कार्यवाही करते हुये निर्धारित प्रारूप में वर्तमान स्थिति 07 दिवस में मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उपसंचालक(प्रांगण)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र./प्रांगण/प्रॉपर्टी मैनेजमेंट/साफटवेयर/पार्ट-1/102/616 भोपाल, दिनांक 11/09/2024

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-

1- अधीक्षण यंत्री, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

2- चीफ प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

3- सहायक संचालक(प्रांगण/एमआईएस) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

4- प्रोग्रामर, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

5- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति............(समस्त) की ओर पालनार्थ।

उपसंचालक(प्रांगण)
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल